Bareilly, Saturday
25 November 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext
PAGE NO. 04 : BOTTOM

टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल समाजहित में हो: देवमूर्ति

दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ.

टेक्नोवैगेंजा 2023 में सात वर्गों में आयोजित हुई स्पर्धाएं

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (24 Nov): श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (एसआरएमएस सीईटीआर) में शुक्रवार को एक दिवसीय टेक्निकल फेस्ट 'टेक्नोवैगेंजा 2023' आयोजित हुई. कालेज के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और बेसिक साइंस विभाग की ओर से आयोजित इस टेक्नोफेस्ट में कोड सेंस, एपटेक कैटेचिजेशन, स्कावेंजर हंट, इनोवेटिव माइंड, वेब बैटल, ऐस द मीडिया, टेक बिज जैसी स्पर्धाओं में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया.

दिए गए सर्टिफिकेट

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने टेक्नोवैगेंजा 2023 का इनॉग्रेशन किया और समाज हित में टेक्नोलाजी के इस्तेमाल पर जोर दिया. विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट एसआरएमएस ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा और मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला ने प्रदान किए. इस अवसर पर श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, पैरामेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जसप्रीत कौर, नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनीस चंद्रन, प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ.अनुज कुमार, लॉ कालेज के डायरेक्टर डॉ. नसीम अख्तर, फार्मेसी विभाग की डायरेक्टर डॉ. आरती गुप्ता, इंजीनियर केके अग्रवाल, अंकित कुमार खंडेलवाल उपस्थित रहे.